अमर उजाला
75
महोत्सव विश्वास का
• 6 राज्य
• 2 केंद्रशासित प्रदेश
• 22 संस्करण
G नगर
वर्ष 20 | अंक 237 | पृष्ठ : 10+4 | मूल्य : चार रुपये
अमर उजाला
नई दिल्ली
सोमवार, 5 दिसंबर 2022
मार्गशीर्ष शुक्ल-त्रयोदशी
विक्रम संवत-2079
amarujala.com

कांग्रेस का एलान सबकी जिम्मेदारी तय होगी, अक्षम की जगह लेंगे नए चेहरे...7

दिल्ली-एनसीआर

सिद्धार्थ विहार में 46 एकड़ जमीन पर बनेगा थीम पार्क

200 सोसायटियों के लिए पिकनिक स्पॉट होगा थीम पार्क

संवाद न्यूज एजेंसी

साहिबाबाद। आवास विकास परिषद सिद्धार्थ विहार योजना में 46 एकड़ में थीम पार्क बनवाने का प्रस्ताव तैयार कर रही है। दावा किया जा रहा है कि यह पार्क दिल्ली-एनसीआर का सबसे बड़ा पार्क होगा। 46 एकड़ में बनने वाला यह पार्क टीएचए के 200 सोसायटियों के लिए पिकनिक स्पॉट होगा। प्रस्ताव को अगले सप्ताह लखनऊ भेजा जाएगा। आवास आयुक्त से मंजूरी मिलते ही कार्य शुरू किया जाएगा।

आवास विकास के अधिशासी अभियंता प्रशांत वर्धन ने बताया कि इंजीनियरों की टीम कई दिन से सिद्धार्थ विहार योजना में जमीन का निरीक्षण कर रही है। जमीन के हिसाब से इसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है। उम्मीद है कि नए साल में इसे बनाने का काम शुरू हो जाएगा। जमीन की नाप कर ली गई है, जल्द ही इसकी चहारदीवारी का काम शुरू किया जाएगा।

आवास विकास के अधिकारियों ने बताया कि यह जमीन सिद्धार्थ विहार के सेक्टर आठ में है। अभी जमीन बिल्कुल बंजर पड़ी हुई है। इसमें साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद पार्क के चारों और पेड़-पौधे लगाएं जाएंगे। इसके लिए टेरीगार्ड लाकर रख दिए गए हैं। जल्द ही यहां पौधे लगाने का काम शुरू किया जाएगा।



सिद्धार्थ विहार में बनेगा थीम पार्क। संवाद

थीम पार्क में यह होगा खास

- वाटर पार्क
- बोटिंग क्लब
- मिनी गोल्फ कोर्स
- भारतीय इतिहास से जुड़े सभी स्मारकों के माडल
- वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए दो तालाब
- आउट डोर गेम्स
- इनडोर गेम्स